खेल में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

यूटीयू के कौथिग-2024 का हुआ शुभारंभ, खेलों के साथ रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के तीन दिवसीय एनुअल एथलेटिक्स एंड टेक्नो-कल्चरल फेस्टिवल (कौथिग-2024) का मंगलवार को शुभारंभ हो गया।

कौथिग के पहले दिन विभिन्न खेलों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। शाम को पाण्डवाज बैंड ने आदेश भोले बाबा.. आदि गानों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया विवि परिसर में आयोजित कौथिग-2024 का उद्घाटन कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने किया। मंगलवार को 100 मीटर की दौड़ में 19 टीमें और 200 मीटर की दौड़ में 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें दो-दो राउंड के खेल हुए और इनके फाइनल राउंड आज (बुधवार) खेले जाएंगे। उधर गोला फेंक में बालक वर्ग की 17 टीमें व बालिका वर्ग की 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। संशियों हैकाथॉन में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया।



यूटीयू के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में गोला फेंकती प्रतिभागी। संवाद

यह रहे विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता

गोला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग में श्रीदेवभूमि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की टीम विजय रही। जबकि बालिका वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में जीआरडी इंस्टीट्यूट की टीम विजेता और महिला प्रौद्योगिकी संस्थान (डब्ल्यूआईटी) की टीम उपविजेता रही। वहीं, क्विज में तुलाज इंस्टीट्यूट की टीम पहले, श्रीदेवभूमि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की टीम दूसरे और आईटी गोपेश्वर की टीम तीसरे स्थान पर रही। युनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, घुडदौड़ी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरआईटी रुड़की दूसरे स्थान पर रही।

टेनिस में देहरादून की दीया और श्रीलंका की दिनारा का चला जादू

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित आईटीएफ वर्ल्ड जूनियर्स टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को दून की दीया रमेश और श्रीलंका की दिनारा डी सिल्वा का जादू चला। दोनों खिलाड़ियों ने खेल में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन डी सिल्वा जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने में सफल रहीं।

डालनवाला स्थित एक निजी टेनिस एकेडमी में चल रही प्रतियोगिता में भारत समेत 11 अन्य देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। दीया ने 07-05, 06-01 को सीधे सेटों में जीत दर्ज की। श्रीलंका की दिनारा ने भारत की दीया रमेश को 06-00, 06-04 के अंतर, कजाकिस्तान की आदिया

डालनवाला में चल रहा आईटीएफ वर्ल्ड जूनियर्स टेनिस टूर्नामेंट

रिटर्न शॉट खेलती प्रतिभागी। संवाद

ओमारबेक ने अमेरिका की प्रियंका राणा को 06-01, 06-02 के स्कोर से हराया। इसके अलावा जापान की हयू वावानिशी, रियोको अमेकुनी, रूस की विवरोरिया सेडेनकोवा, पोलिना ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।